NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : 46/NCRES/71/76/23 Date : 2.2.2023

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के सभी रनिंग/रेस्ट रूमों में राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज का फहराना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन करने हेतु।

महोदय,

अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के प्रधान कार्यालय व प्रयागराज, झांसी व आगरा के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे स्टेशनो और अन्य प्रशासनिक कार्यालयों में राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को प्रत्येक वर्ष बड़ी शान से तिरंगा फहराने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है जिससे कर्मचारी व आमजन को गर्व होता है और इससे सभी के मन में राष्ट्रीय प्रेम का जज्बा आता है।

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के अन्तर्गत विभिन्न स्थानो पर राष्ट्रीय पर्व के समय आयोजित किये जाने वाले ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रमो की भव्यता को देखते हुये संरक्षा कोटि के रनिंग कर्मचारियों ने अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त व 26 जनवरी के दिन सभी रनिंग रूमो/रेस्ट रूमो में ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाय जिससे हमारे रनिंग कर्मचारी भी जब राष्ट्रीय पर्व के दिन अपने हेडक्वाटर से बाहर रहे तो वे भी राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में भाग लेकर राष्ट्र प्रेम के साथ अधिक सावधानी से ड्यूटी करे ताकि SPAD आदि की घटनाओं में भी कमी लायी जा सके।

अतः NCRES की मांग है कि राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त व 26 जनवरी के दिन सभी रनिंग रूम व रेस्ट रूम में ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिये उचित आदेश जारी करने की कृपा करें व आदेश की प्रतिलिपि NCRES को भी प्रेषित करने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपिः— महाप्रबंधक (कार्मिक), नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज